NT>

Title: Need to provide special provisions and protection to the minorities in the country.

श्री ओमप्रकाश (गाज़ीपुर) : सभापति महोदय, भारत के संविधान में इस बात की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि जाति, धर्म और लिंक के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा लेकिन जब से केन्द्र में भाजपा गठबंधन सरकार सत्तारूढ़ हुई, अल्पसंख्यक समुदाय में एक भय का वातावरण व्याप्त हो गया है। इसका सीधा-सादा सबूत उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर के मदेन गांव में देखने को मिलता है। इस गांव की आबादी तीस हजार के ऊपर है। मुसलमान होने के साथ-साथ खान बिरादरी के लोग जिन्हें पठान भी कहते हैं, उन्होंने लोक सभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी के समर्थन में वोट दिया। वहां के लोगों का हमेशा रुझान समाजवादी सोच का रहा है लेकिन जब से भाजपा का राज हुआ, वहां के जिलाधिकारी भाजपा की शह पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं। आफताब खां, शाहिद खां, एनामुल्हा खां, गनी खां, सुहेल खां, वसी खां, एकराम खां के खिलाफ आई.पी.सी. और सी.आर. पी.सी. की कोई ऐसी धारा नहीं है जिसका इस्तेमाल नहीं हुआ है। इन निरीह नौजवानों का थाने में ले जाकर जिस प्रकार उत्पीड़न किया गया, शायद आजाद भारत में इस तरह के कुकर्म एवं दुष्कर्म देखने को मिला हो

... (व्यवधान)

श्री आनन्द रत्न मौर्य : यह राज्य सरकार का मामला है। इसे वहां उठाया जाए।

श्री ओमप्रकाश : आप पहले सुन लीजिए और फिर कहिए।

... (व्यवधान)

श्री ओम प्रकाश : सभापति महोदय, उसी के साथ-साथ मौरा गांव, जहां के माइनोरिटी के लोगों पर जुल्म हुआ है तथा वहाँ के प्रधान अनवर खाँ तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदाय का उत्पीड़न हुआ है ।...

सभापति महोदय : आपको भारत सरकार से क्या चाहिये?

श्री ओमप्रकाश (गाज़ीपुर) : सभापति महोदय, जिस तरह से जिलाधिकारी द्वारा....

MR. CHAIRMAN : Please do not make any running commentary like BBC. There are other Members also who want to speak.

श्री ओमप्रकाश : सभापति महोदय, यह माइनरटीज़ का मामला है

... (व्यवधान)

.. चौहान साहब आप भाजपा के बहुत बड़े वफादार हैं, मैं जानता हूं

... (व्यवधान)

SHRI CHETAN CHAUHAN (AMROHA): Sir, the name should be changed from PH to PS so that it becomes Police Station from Parliament House.

श्री ओमप्रकाश : आपका सुझाव उत्तम है।

>SHRI ARIF MOHAMMED KHAN (BAHRAICH): If one overlooks sensitivity, then, one cannot help it. Nothing is settled by ignorance. As far as the minorities are concerned, special provisions are provided in the Constitution and special protection has been assured by the Constitution. Nothing is settled by ignorance. .... (Interruptions).

MR. CHAIRMAN: In the wisdom of the hon. Speaker, he has already listed his name. Therefore, he has been allowed to speak. There is nothing objectionable.

(Interruptions)*

MR. CHAIRMAN: Such insinuations and such comments will not go on record.

श्री ओमप्रकाश : सभापति महोदय, मैं आपसे एक व्यवस्था चाहता हूं कि पहले एक चीज़ यह तय हो जाये कि आपकी पीठ से निर्देश होगा या ये भाजपा के लोग तय करेंगे? … (व्यवधान).. यह हरकत पहली बार नही हो रही है

… (व्यवधान)

.. सभापति महोदय, जिस तरह से हम लोग किसी की बात में व्यवधान नहीं डालते हैं, उसी तरह से यदि भाजपा के लोग ऐसा करेंगे तो हम विश्वास दिलाते हैं कि इनको बोलने नहीं देंगे।

सभापति महोदय : आप बताइये कि भारत सरकार से क्या लेना चाहते हैं?

श्री ओमप्रकाश : सभापति महोदय, मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि जिस तरह से गाज़ीपुर के जिलाधिकारी।

MR. CHAIRMAN : Do not mention the names.

श्री ओमप्रकाश : सभापति महोदय, वे जिला मजिस्ट्रेट हैं, जिले में जाकर उत्पीड़न कर रहे हैं....

MR. CHAIRMAN: These names should not go on record.

श्री ओमप्रकाश : सभापति महोदय, बाहर किस तरह का मैसेज जायेगा कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। वहां एक गांव नहीं, पूरे के पूरे इलाके में यादव और माइनरटीज़ के साथ चिन्हित करके या इंगित करके जिस तरह से तंग किया जा रहा है। सभापति महोदय, वह ऐसा गांव हैं जहां से भारत-पाक बटवारे के समय एक भी मुसलमान पाकिस्तान नहीं गया था तथा भारत को अपना देश मानकर वहीं रहना पसंद किया था ।… (व्यवधान).. सभापति महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि आपकी ओर से सरकार को यह निर्देश जाये कि माइनरटीज के लोगों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाये।

* Not Recorded.